संशोधन

पी.ई.बी. द्वारा संचालनालय एकीकृत बाल विकास सेवा के अंतर्गत पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती एवं पर्यवेक्षक (महिला) ऑगनवाडी कार्यकर्ता से सीमित सीधी भर्ती हेतु संयुक्त चयन परीक्षा–2017 का आयोजन दिनांक 25–26 मार्च का आयोजित की जानी है । विभाग के उक्त पद कार्यपालिक है ।

अतः इन पदों पर भर्ती हेतु आदिम जनजाति (बैगा, सहारिया एवं भारिया) के उम्मीदवारों को परीक्षा एवं परीक्षा शुल्क से छुट का प्रावधान नहीं होगा, वे अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के रूप में निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते है । उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य नियम पुस्तिका के अध्याय–2 की कण्डिका–2.35 विलोपित की जाती है ।

नियंत्रक
पी.ई.बी.

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल
"चयन भवन" ,मेन रोड नं. 1. चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011
फोन न.– .+91-755-2578801-02-03-04, Fax:.+91-755-2550498,
E-mail: vyapam @mp.nic.in, website: www.vyapam.nic.in, www.peb.mp.gov.in

संचालनालय एकीकृत बाल विकास सेवा के अंतर्गत पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती एवं पर्यवेक्षक (महिला) ऑगनवाडी कार्यकर्ता से सीमित सीधी भर्ती हेतु संयुक्त चयन परीक्षा–2017

(केवल महिलाओ हेतु)

परीक्षा संचालन एवं भर्ती नियम पुस्तिका

ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि			21.02.2017
ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की अंतिम तिथि			07.03.2017
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि			21.02.2017
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि			12.03.2017
परीक्षा दिनांक व दिन			25–26 / 03 / 2017 शनिवार एवं रविवार
परीक्षा शुल्क	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये	दो प्रश्न पत्र के लिये	**रू. 700 / –**
		एक प्रश्न पत्र के लिये	**रू. 500 / –**
	अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिये (केवल म.प्र. के मूल निवासियो के लिये)	दो प्रश्न पत्र के लिये	**रू. 350 / –**
		एक प्रश्न पत्र के लिये	**रू. 250 / –**
कियोस्क के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाईन का पोर्टल शुल्क रू. 70 / – देय होगा। कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन–पत्र न भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु पोर्टल शुल्क रू. 40 / – देय होगा।			

समय सारणी

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा प्रश्न पत्र	अभ्यर्थियों के लिये रिपोटिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय	उत्तर अंकित का समय
25 / 03 / 2017 एवं 26 / 03 / 2017 शनिवार एवं रविवार	पर्यवेक्षक (महिला) (खुली सीधी भर्ती)	प्रातः 07:30 बजे	08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट)	प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक (3:00 घंटे)
	ऑगनबाडी कार्यकर्ता से सीमित (सीधी भर्ती)	अपरान्ह 12:30 बजे	01:50 से 02:00 बजे तक (10 मिनट)	सायं 02:00 से 05:00 बजे तक (3:00 घंटे)

टिप्पणी :–

1. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोटिंग समय के 30 मिनिट पश्चात तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी ।
2. परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, नकल पर्चा एवं इलेक्ट्रनिक डिवाईस आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
3. **ऑनलाईन आवेदन–पत्र क्रमांक के द्वारा ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन–पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त / जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।**
4. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बॉलप्वाइंट पेन (उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर एवं अन्य लिखित कार्य हेतु ।) तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र साथ लाना अनिवार्य है
5. पी.ई.बी. द्वारा आयाजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी **मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, अंकसूची मय फोटोग्राफ, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है । ई आधार मान्य नहीं है।**
6. मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में उसे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।